# पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क हुई बदहाल

## गेल इंडिया कंपनी ने किया है कार्य, दुर्घटना का खतरा बढ़ा ; मरम्मत की मांग

**छपारा नवभारत। छपारा खुर्द गांव में गेल इंडिया गैस पाइपलाइन बिछाने के बाद मुख्य सड़क की बदहाली ने स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। लगभग चार महीने पहले, 4 मार्च 2025 को नगर से आधा किलोमीटर दूर छोटे छपारा गांव में माई मंदिर के पास मुख्य सड़क पर देर शाम से दूसरे दिन सुबह तक गेल इंडिया गैस पाइपलाइन का कार्य चला था।**



कार्य के दौरान गेल इंडिया कंपनी द्वारा यातायात सुचारु रखने के लिए मापदंडों को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी और कंपनी के कर्मचारियों ने सावधानीपूर्वक नियमों का पालन करते हुए कार्य को अंजाम भी दिया था। हालांकि, पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत और डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे सड़क पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ हिस्से बन गए हैं।

स्थानीय निवासियों ने गेल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों से क्षतिग्रस्त सड़क के हिस्से के डामरीकरण की अपील की है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित विभाग इस काम की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।

यह सड़क 24 घंटे यातायात के लिए खुली रहती है, और वर्तमान में वहां से गुजरने वाले वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग की चुप्पी भी इस मामले को और गंभीर बना रही है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या गेल इंडिया कंपनी द्वारा सुरक्षा राशि जमा कराई गई थी, तो फिर मरम्मत का कार्य क्यों नहीं करवाया जा रहा है? स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों ने जल्द से जल्द सड़क सुधार कार्य की मांग की है ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### इनका कहना है

कंपनी को कार्य किए जाने की अनुमति मरम्मत कार्य किए जाने की शर्त पर दी गई अगर सड़क सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है तो जमा अमानत राशि नहीं लौटाई जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

**मनीषा टेकाम, उपयंत्री, पीडब्ल्यूडी विभाग, सिवनी**

## 2 माह में हुआ एक लाख तीस हजार से अधिक का जुर्माना

सिवनी नवभारत। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में अमानक खाद्य पदार्थों का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जांच दल सतत कार्रवाई की जा रही है साथ ही विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है। इसी क्रम में विगत सप्ताह घंसौर, धनौरा, कुरई स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, रिजेंटाअरयणी एवं मिस्ट्री ओसी एस रिसॉर्ट मे नॉनवेज एवं वेज को पृथक न रखने, अवशिष्ट पदार्थों के सही निपटारा न होने के कारण, खाद्य सुरक्षा मामलों की अनदेखी करने के कारण प्रतिष्ठानों को सुधार सूचना पत्र जारी किया एवं 30 दिनों में सुधार नहीं किए जाने पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाएगी, मई जून में अपर कलेक्टर न्यायालय से 09 मामलों में 01 लाख 30 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

# दुर्भावना का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है : मुनिश्री



**सिवनी नवभारत।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 23जुलाई 2025 को प्रात: काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई,इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने उद्बोधन में मांगलिक क्रियाओ का महत्व बताया।

मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि दुर्भावना का शरीर पर विशेष प्रभाव पड़ता है अपने स्वरूप में मानव मन जितना पावन होता है उतना ही इस मन में दुर्भावनाओं का गहरा प्रभाव भी प्राय: हो जाता है। जिनसे मन विकृत होता है इस मन विकृति का दुष्प्रभाव शरीर की नियमित और स्वस्थ प्रक्रिया पर अवश्य ही पड़ता है। वर्तमान युग वैज्ञानिक होने के कारण अब उन तथ्यों की गहराई तक पहुँचना संभव हो सका है जिससे मन की दुर्भावनाओं का शरीर की प्रक्रिया पर पड़ा हुआ दुष्प्रभाव और उनके कारणों को स्पष्ट किया जा सकता है। अनेक वैज्ञानिक शोधों के उपरांत यह प्रमाणित हुआ है। कि घृणा, ईर्ष्या, बेइमानी, चिंता, कंजूसी, अकड़, प्रमाद और अहम का मानव हार्मोस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियाँ भी शरीर पर अपना कब्जा कर लेती है। किस दुर्भावना का कौनसे हार्मोस पर प्रभाव पड़ता है और उससे यह बीमारियाँ हो सकती हैं। चालाकी से थाइरोक्सिन, इंसुलिन, एड्रीनोलिन का अल्पस्राव, प्रभाव-थाइराइड, डायबटीज, कैंसर, उच्च रक्तचाप, एलर्जी दुर्भावना-घृणा, ईर्ष्या, जलन जैसी बीमारी से बचा जा सकता है।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**सिवनी नवभारत।** कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन किया। कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना के नेतृत्व में कांग्रेस ने कई मुद्दों को उठाया। किसानों को यूरिया और डीएपी खाद समय पर नहीं मिल रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली बिलों की मनमानी वसूली की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक बिजली कटौती से किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। सिवनी- बालाघाट और सिवनी छिंदवाड़ा मार्ग जर्जर होने के बावजूद टोल वसूली जारी है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जिले में कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। हत्या, मारपीट, नशा और अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है।

नलों से गंदा पेयजल आने से जलजनित बीमारियां फैल रही हैं। टैक्स में बेतहाशा वृद्धि से जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को समय पर बिजली और खाद मिले। स्मार्ट मीटर की समस्या का समाधान हो। जर्जर सड़कों की मरम्मत के बाद ही टोल वसूली की जाए। अपराधों पर अंकुश लगाया जाए।

# छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला, एसपी ने नशे नहीं करने का दिलाया संकल्प

**सिवनी नवभारत।** नशे से दूरी हैं,जरूरी अभियान के तहत नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नशे की हर आदत से दूर रहने व व्यसन में जो लोग हैं उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।साथ ही नशे के कारण स्वयं के जीवन,परिवार व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को सरल और सहज तरीके से विस्तार से समझाया गया। पुलिस अधीक्षक से मिलकर छात्र छात्राएं भविष्य के प्रति प्रोत्साहित हुए।

छात्र छात्राओं ने की आकृति व नगरपालिका चौक से बस स्टैंड तक मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की। यह अभियान युवाओं व संपूर्ण समाज को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। कार्यक्रम 1000 से अधिक छात्र छात्राएं,संस्था की प्राचार्या श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे, शिक्षिका पूजा पांडेय,अंजना राय व समस्त शिक्षक गणों की गरिमामई उपस्थिति व भागीदारी रही। सभी ने हस्ताक्षर (सिग्नेचर कैंपेन) कर नशा मुक्त मध्यप्रदेश बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को आयोजित करने में निरी.संदीपिका ठाकुर, निरी.अनंती मर्सकोले, निरी.ओमेश्वर ठाकरे, निरी.किशोर वामनकर,र.निरी विजय बघेल,उनि प्रमोद भारद्वाज,सउनि अवधेश शर्मा,प्र.आर. परवेश खान व पुलिस स्टॉफ तथा मार्गिक फाउंडेशन की संचालिका शिवानी बघेल का सराहनीय योगदान रहा।



## 634.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई

सिवनी। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 23 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 566.4 मि.मी, कुरई में 307.0 मि.मी., बरघाट में 437.0 मि.मी., केवलारी में 815.4 मि.मी., छपारा 712.5 मि.मी, लखनादौन में 531.3 मिमी, धनौरा में 655.4 मिमी एवं घंसौर में 1052.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5077.0 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 23 जुलाई 2024 तक कुल 5634.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## एक नजर में

### युवती को धमकी देना वाला विवेक गिरफ्तार

सिवनी। शहर से लगे जनता नगर निवासी एक महिला अपनी 21 वर्षीय बालिका के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी लड़की के साथ एक युवक का मिलनाजुलना था जो विगत कुछ दिनो से उस युवक के द्वारा शादी के लिये जबरन दवाब बनाकर परेशान किया जाता रहा है साथ ही परिवार को मारने की धमकी दी जाती है। वहीं युवती के निजी फोटो वायरल करने की धमकी भी दे रहा है। इस पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी विवेक चौधरी पिता स्व. संतोष चौधरी उम्र 21 वर्ष नि. ग्राम ऐरमा थाना कुरई को गिरफ्तार कर लिया है।

### कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



सिवनी। डूण्डासिवनी थाना अन्तर्गत क्षेत्र मे भारी मात्रा मे शराब खपत करने के लिए ग्राम आमाझिरिया लायी जा रही अवैध कच्ची शराब पुलिस ने जप्त की है। चैकिंग के दौरान पुलिस को एक बाईक में 04 केन गाडी मे रखी मिली जिनको चेक करने पर प्रत्येक केन में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर देशी कच्ची शराब मौके पर मिली जिनसे उक्त शराब परिवहन के सबंध मे वैधानिक दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर कार्यावाही करते हुये थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमांक 348/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है जहां से उनको जिला जेल भेज दिया गया।

### राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम दस्तक का शुभारंभ

केवलारी। नगर में स्थित सिविल अस्पताल केवलारी में भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय टीकाकरण योजना के अंतर्गत 22/7/2025 से दिनांक 16/9/2025 तक यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें 0 वर्ष उम्र से लेकर 5 वर्ष उम्र तक के छोटे बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण एवं विटामिनस की डोज, पोलियो ड्रॉप की मदद से उन्हें स्वस्थ रखने का शुभारंभ सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर ए लाकरा, सुधीर पांडे सांसद प्रतिनिधि , नीरज रानू ठाकुर पार्षद, वरिष्ठ पत्रकार हाजी रफीक खान,रमाशंकर महोबिया वरिष्ठ पत्रकार ,युवा समाजसेवी एडवोकेट पवन यादव,प्रवीण दुबे पत्रकार के विशिष्ट आतिथ्य में इस राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत नगर के पटेली वार्ड से की गई इस अवसर पर डॉ ए लाकरा,मंतोष नरवेती,रमन लाल ठाकुर बी ई ई, प्रकाश भलावी,गंगा कुशराम,सपना ठाकुर,ए इन एम,अंतरा फाउंडेशन के आशीष द्विवेदी, मयूरी बनकर सिवनी,सबीना बी,शोभा धुर्वे सुपरवाइजर,शोभना नामदेव,विजयलक्ष्मी नाग,मनी जंघेला,पार्वती बंसकार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने दिघौरी मंदिर पहुंच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दिघौरी मंदिर पहुंचकर विशाल भंडारे हेतु की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध मे साथियों से जानकारी प्राप्त किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम दिघौरी पहुंचकर मंदिर मे देवाधिदेव महादेव भगवान शिव जी के दर्शन, पूजन व आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात श्री राय ने पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार 28 जुलाई को मंदिर प्रांगण मे स्वयं की ओर से लगभग 20 हजार कांवड़ यात्रियों, दर्शनार्थी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों हेतु आयोजित विशाल भण्डारे के संबंध मे साथियों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा 27 जुलाई को संध्या काल मातृधाम कातलबोडी मंदिर प्रांगण मे भी लगभग 10 कांवड़ यात्रियों, दर्शनार्थी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गयी है। ज्ञात हो कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जीवन दायिनी पतितपावनी मां वैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से शिव भक्त कॉवड़ियों की कॉवड़ यात्रा 27 जुलाई को प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगी। जो अपने पूर्व निर्धारित ग्राम छीतापार, गोडेगांव, कलबोडी, गोपालगंज, बड़कुमारी, मोहगांव से गुजरते हुए मातृधाम कातलबोडी पहुंचेगी। जहां भोजन प्रसाद एवं रात्रि विश्राम के पश्चात पवित्र सावन सोमवार 28 जुलाई को प्रात: 7 बजे कांवड़ यात्रा मातृधाम से गुरुधाम दिघौरी की ओर प्रस्थान करेगी। जो करहैया, जैतपुरकला, खैरी, भाटीवाडा, मुंगवानी, सापापार, चौडा होते हुए ग्राम दिघौरी पहुँचकर, दिघौरी मंदिर में स्थापित भगवान शिव के पारदर्शी स्फटिक शिव लिंग का जलाभिषेक किया जायेगा। उक्त यात्रा में पूर्व वर्षों की भांति सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन समस्त श्रद्धालुगणों, सहयोगियों के साथ मुंडारा से दिघौरी तक पवित्र यात्रा में शामिल रहेंगे।



# हनुमान मंदिर में चल रहे रूद्राभिषेक का हुआ समापन

**लखनादौन नवभारत।** लखनादौन शहर के घंसौर रोड संकट मोचन हनुमान मंदिर पावर हाउस के सामने चल रहे रुद्राभिषेक का हुआ समापन जिसमें श्रद्धालुओं ने अधिक से अधिक संख्या में पधारे कर पुण्य लाभ अर्जित किया यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें समस्त शहर वासियों को शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और सभी लोगों ने अपनी मंगल कामना के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना भी की श्रावण मास पर भोलेनाथ की आनंद भक्ति करने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ यह कार्यक्रम 14 जुलाई सोमवार से चालू हुआ था जो 22 जुलाई मंगलवार को समापन हुआ। यह कार्यक्रम लगातार 9 दिन तक चला जिसमें सुबह के 7 बजें शिवलिंग एवं रुद्री निर्माण किया गया और 10.00 बजे से रुद्राभिषेक किया गया जो 2 बजे तक चलता रहा और आज रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन की पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंदिर के पुजारी राममणी त्रिवेदी एवं उनके पुत्र आकाश त्रिवेदी द्वारा 9 दिन से रोजाना रुद्राभिषेक किया गया

आज 9 वें दिन को हवन की पूर्णाहुति के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त शहर वासियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

सिवनी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए बीमा के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि में अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। खरीफ मौसम में पटवारी हल्का स्तर की फसलें मक्का, धान सिंचित, धान असिंचित, तुअर हेतु बीमित राशि का अधिकतम मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राशि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय होगी।

# कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के होटलों की गई चैकिंग




**सिवनी नवभारत।** बुधवार को नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के कनिष्क होटल, गैलेक्सी होटल एवं सिध्दार्थ होटल की अचानक चैकिंग कर होटल संचालकों को समझाइश देकर निम्न हिदायत दी गई है। होटल संचालक अपने होटलों में नशे का व्यापार, जुआ), वेश्यावृत्ति, या हथियारों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों को किसी भी प्रकार से संचालित नहीं करेंगे। सभी होटल संचालक अपने होटल में आने वाले मेहमानों से पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र की एक कॉपी अनिवार्य रुप से लेंगे। सभी होटल संचालक मानव तस्करी एवं बाल अपराध रोकने के लिए नाबालिक लड़कों लड़कियों को अपने होटलों में नहीं रोकेंगे।

सभी होटल संचालक अपने होटलों में ठहरने वाले मेहमानों का रिकार्ड रखते हुए रजिस्टर का संधारण करेंगे। फरार अपराधी या वांछित व्यक्ति पुलिस से बचने के लिए होटलों में आकर छिपते है इसलिए सभी होटल संचालक अपने होटलों में ठहरने वाले मेहमानों की जानकारी प्रतिदिन थाना में देंगे। सभी होटल संचालक अपने होटलों में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीव्ही कैमरे लगवाएगें तथासीसीटीव्ही फुटेज सुरक्षित रखेंगे।

**विशेष भूमिका:-** नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डेय, थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत, जयशंकर उइके, प्र.आर. नवीन तिवारी, आर. अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, अंकित देशमुख, सिध्दार्थ, मिथलेश सुर्यवंशी, सीताराम जावरे, विरेन्द्र डोले विरेन्द्र चन्देल, आर. चालक इरफान एवं चीता स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।




# एनएचआईटी ने लखनादौन थाने को दिये कम्प्यूटर

**सिवनी नवभारत।** सामुदायिक विकास और डिजिटल सशक्तिकरण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत, एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की लखनादौन-खवासा परियोजना टीम ने अपने सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत लखनादौन एसडीओपी व लखनादौन थाना को कंप्यूटर दिए । इस अवसर पर, श्रीमति कृष्ण मेधी, परियोजना प्रबंधक (लखनादौन-खवासा परियोजना), और हेमंत राजपूत, टोल प्रबंधक (मड़ई टोल प्लाजा) ने एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधित्व किया और अपूर्व भलावी, एसडीओपी लखनादौन, और के.पी. धुर्वे, थाना प्रभारी, पुलिस स्टेशन लखनादौन व अन्य मौजूद रहे । इस पहल के बारे में बोलते हुए, श्री कृष्ण मेधी ने कहा, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट संस्था के रूप में, हम उन समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ हम काम करते हैं। हमारा मानना है कि यह सहयोग पुलिस विभाग को जनता को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने में मदद करेगा। अपूर्व भलावी, एसडीओपी लखनादौन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम इस विचारशील योगदान के लिए एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की तहे दिल से सराहना करते हैं। एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ऐसी सामाजिक रूप से जिम्मेदार पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ने और उनके उत्थान के अपने मिशन में दृढ़ है।

**अवैध क्लीनिक** — स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निष्क्रिय, नहीं कर रहे क्लीनिक और पैथोलैब की जांच, खानापूर्ति के लिए मात्र एक पर की कार्यवाही

# टाली में प्रधानमंत्री आवास में चल रहा बेखौफ अवैध तौर से क्लिनिक

**छिन्दा केवलारी नवभारत।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से एक बार फिर से झोलाछाप डाक्टर बेखौफ होकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर फिर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है जिनकी संख्या में दिनों दिन वृद्धि हो रही है।



ग्राम पंचायत टाली के अंतर्गत जहां जरूरतमंद लोग आज भी आवास पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं वहीं बंगाल से आए बंगाली डॉक्टर सागर विश्वास उम्र होम्योपैथिक का डिप्लोमा होने के बावजूद एलोपैथिक का इलाज कर रहा है, एलोपैथिक से संबंधित कोई डिग्री नहीं है। साथ ही साथ ग्राम पंचायत के द्वारा उसे आवासीय योजना का भी लाभ दे दिया गया है। इतना ही नहीं ग्रामीणों का इलाज करके पर्याप्त तौर से दवाई गोली एमआरपी रेट से भी अधिक तौर पर बेच कर ग्रामीण क्षेत्र में लूट मचा रखी है। जबकि जगह-जगह में शासकीय योजनाओं के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुले हुए हैं जहां पर प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक दवाइयां के साथ स्वास्थ्य अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में तैनात हैं लेकिन निजी क्लीनिक के तौर पर झोलाछाप डॉक्टरों डॉक्टरों ने लूट मचा रखी है परन्तु जिम्मेदार प्रशासन इन पर कोई कार्यवाही नहीं करता है।

> **स्वास्थ विभाग बैठा निष्क्रिय**
>
> स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते जिले में एक बार फिर से झोलाछाप डाक्टर बेखौफ होकर लोगों की जान से खिलवा? कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से इनके हौसले बुलंद हैं। विगत दिनों अभियान चलाकर झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक और पैथोलैब संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद संचालकों में हड ?प मचा था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के ढील-ढाल रवैये से एक बार फिर इनके द्वारा बेखौफ होकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जिले में नर्सिंग होम एक्ट का क्रियान्वयन कराने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहे हैं।

वर्तमान में आमजनों के स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं व सेवाओं में सुधार को लेकर नर्सिंग होम एक्ट के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं का पंजीयन किया जाता है। इसके बाद संचालकों को अस्थाई लाइसेंस जारी किया जाता है। एक्ट के मापदण्डों को पूरा नहीं करने वाले संस्थानों का पंजीयन नहीं हो सका है। अभी भी मापदण्डों को पूरा नहीं करने वाले कुछ संस्थानों का संचालन हो रहा है।